प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

0000

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में 24 हजार करोड रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री लोकोमोटिव विनिर्माण संयत्र का लोकार्पण करेंगे। इस सयंत्र से अगले 11 वर्षों में एक हजार दो सौ माल गाड़ी विद्युत इंजनों का विनिर्माण होगा। 21 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत से विनिर्मित इस कार्यशाला से आधुनिक उपकरणों के जरिए रेलवे की माल ढुलाई क्षमता बढेगी। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि उद्योग जगत की भागीदारी और स्वत देशी उपकरणों के उपयोग से यह संयंत्र रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे से शिमला वापस लौटेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर प्रदेश के लिए उदार वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा लम्बित धनराशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी कई अहम बैठकें कर कई मामले उठाए।

प्रदर्शनी

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा शिमला के रिज मैदान पर लगाई गई एकता प्रदर्शनी इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस प्रदर्शनी में देशभर के स्वयं सहायता समूहों और शिल्प उद्यमियों द्वारा बनाए गए वस्त्र व हस्तशिल्प उत्पादों के 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक विविधता और हस्तशिल्प का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। आज प्रदर्शनी का अंतिम दिन है।

सुनवाई

शिमला में विवादित संजौली मस्जिद मामले पर आज जिला अदालत में सुनवाई होगी। अदालत ने मामले को लेकर मस्जिद कमेटी और नगर निगम शिमला को समन भेजे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश हाईकोर्ट की दखलअंदाजी के बाद इस केस में नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने बीते 3 मई को पूरी मस्जिद को अवैध करार देते हुए इसे तोड़ने के आदेश दिए थे जिसे मुस्लिम पक्ष ने जिला अदालत में चुनौती दी है। हिमाचल प्रदेश वक्फ बोर्ड ने 17 मई को आयुक्त कोर्ट के फैसले के खिलाफ जिला अदालत में स्टे की मांग की थी जिस पर आज सुनवाई होगी।

डीजीपी

पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा को पत्र लिखकर पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी को निलंबित करने की सिफारिश की है। उन्होंने संजीव गांधी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश पावर निगम के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में प्रदेश हाईकोर्ट से फटकार लगने के बाद संजीव गांधी ने डीजीपी अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए कल मण्डी ज़िले की सभी पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मदन कुमार ने बताया कि इन ग्राम सभाओं में उन लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया जिनकी किश्तें तकनीकी कारणों से लंबित हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी ग्राम सभा 29 मई को आयोजित की जाएगी। ज़िले में आज पटवार वृत्त स्तर पर भी किसान सम्मान योजना को लेकर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने किसान लाभार्थियों से इन शिविरों एवं ग्राम सभाओं में भाग लेने और संबंधित दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि प्रदेश के कई इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई है। इससे कई सड़कें अवरूद्ध होने के साथ फसलों को भी भारी नुक्सान हुआ है। खराब मौसम के कारण कल शिमला हवाई अडडे से उड़ान सेवाएं बाधित रही। मौसम के इस मिजाज़ से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने 27 से 30 मई तक कुछ स्थानों पर वर्षा, तूफान व ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल में भारी बारिश व ओलावृष्टि कई सड़कें अवरूद्ध, फसलों को क्षति।

दैनिक भास्कर और दिव्य हिमाचल के अनुसार प्रदेश सचिवालय को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली, जांच में कुछ नहीं मिला।

पंजाब केसरी की सुर्खी है कोविड–19 के जे एन–1 वैरिएंट के बढ़ते मामलों को लेकर हिमाचल भी सतर्क, मास्क पहनने की दी सलाह। आपका फैसला के शब्द हैं कोरोना और इन्फलूएंजा को लेकर हिमाचल प्रदेश में अलर्ट।